आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.11.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2026–27 के लिए फॉस्फोरस और पोटाशियम युक्त उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को दी मंजूरी।
2. बच्चों को निमोनिया से बचाने और बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कल से शुरू होगा 'सांस' अभियान।
3. द्वीप समूह में अगले चार दिनों तक भारी वर्षा और तेज हवाओं को लेकर मौसम विभाग सतर्क, मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह।
4. कार निकोबार के मलक्का गांव में सुनामी तैयारी अभियान के तहत जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2026–27 के लिए फॉस्फोरस युक्त और पोटाशियम युक्त उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को स्वीकृति दे दी है। रबी सीजन 2026–27 के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग बासठ हजार तीन सौ सत्तर करोड़ रुपये होगी। यह राशि रबी 2025–26 सीजन की बजटीय आवश्यकता से लगभग चौबीस हजार चार सौ सत्रह करोड़ रुपये अधिक है। नई दिल्ली में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस सब्सिडी से किसानों को ये उर्वरक किफायती दामों पर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। यह व्यवस्था पहली अक्टूबर 2026 से लेकर अगले साल 31 मार्च तक लागू रहेगी।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भाई दूज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई–बहन के बीच प्रेम और स्नेह के विशेष रिश्ते का प्रतीक है। उन्होंने सभी के सुख और समृद्धि की कामना भी की। गृह मंत्री अमित शाह ने भाई दूज के पर्व पर

देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया संदेश में श्री शाह ने कामना की कि भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक यह त्योहार सभी के जीवन में सुख और उत्साह लेकर आए।

<><><><><><><>

भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु के प्रमुख कारणों में निमोनिया शामिल है, जो कुल बाल मृत्यु दर में सत्रह दशमलव दो प्रतिशत का योगदान देता है। बच्चों को निमोनिया से बचाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कल से 28 फरवरी तक सांस अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष अभियान का मुख्य विषय निमोनिया नहीं तो बचपन सही है। कल विश्व निमोनिया दिवस पर बच्चों में इस बीमारी की रोकथाम, बचाव और उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत निमोनिया की जल्द पहचान, समय पर इलाज और अभिभावकों को स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन और घर के अंदर व बाहर होने वाले वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता किया जाएगा।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम की ओर से कल विश्व निमोनिया दिवस और ''सांस अभियान'' पर विशेष लाइव फोन–इन कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रसारित होगा। कार्यक्रम में अनिम्स की बाल रोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनिता शाजू विशेषज्ञ के रूप में स्टूडियों में उपस्थित रहेंगी और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगी। दर्शक इस कार्यक्रम में फोन नंबर 245–662 या 244–745 पर कॉल करके सीधे भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में अगले चार दिनों तक भारी बारिश की आशंका के चलते मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। उत्तर एवं मध्य अंडमान, दक्षिण अंडमान और निकोबार में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान बिजली चमकने, बादल गरजने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हवाओं की गति बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मछुआरों को इस दौरान समुद्र में

न जाने की सलाह दी गई है। आम लोगों से भी खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के 30 तटीय गांवों में चलाए जा रहे 'सुनामी तैयारी कार्यक्रम' के तहत आज कार निकोबार के मलक्का गांव में जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन निकोबार जिला उपायुक्त कार्यालय के जिला आपातकालीन संचालन केंद्र ने गांव के हेड कैप्टन के आवास पर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सुनामी के खतरे और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान सुनामी आने के कारणों, संभावित प्रभावों, प्राकृतिक चेतावनी संकेतों, पूर्व चेतावनी प्रणाली और आपातकालीन सूचना व्यवस्था की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सवाल–जवाब सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया गया। यह अभियान अंडमान–निकोबार प्रशासन के आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा हैदराबाद स्थित भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र और जिला प्रशासनों के सहयोग से चलाया जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कृषि आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए कृषि निदेशालय ने केंद्र सरकार की कृषि अवसंरचना कोष योजना के तहत पात्र लाभार्थियों से परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस योजना के तहत किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों और कृषि उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र ऋण पर 2 करोड़ रुपये तक प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी अधिकतम सात वर्षों तक मिलेगी। योजना में गोदाम, कोल्ड स्टोरेज, पैक हाउस, कृषि उपज की छंटाई, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण और जैविक खाद उत्पादन जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इच्छुक लाभार्थी परियोजना का विवरण, प्रस्तावित स्थान और अनुमानित लागत सहित आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी और सहायता के लिए संबंधित क्षेत्र के जोनल अधिकारियों अथवा कृषि निदेशालय के किसान कॉल सेंटर से संपर्क करें।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग ने सभी पात्र किसानों से 30 नवंबर तक किसान पहचान–पत्र के लिए पंजीकरण पूरा करने की अपील की है। विभाग के अनुसार, केंद्र सरकार के डिजिटल कृषि मिशन के तहत एग्रीस्टैक पहल के अंतर्गत किसान पंजीकरण किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक किसान की सत्यापित डिजिटल पहचान तैयार करना और सरकारी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराना है। केंद्र द्वारा प्रायोजित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पहचान–पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। किसानों की सुविधा के लिए कृषि विभाग ने कृषि उपकेंद्रों, निर्धारित पंजीकरण केंद्रों और विभिन्न द्वीपों में विशेष पंजीकरण शिविरों की व्यवस्था की है। किसान आवश्यक जानकारी और दस्तावेजों के साथ अपने नजदीकी कृषि उपकेंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर या पंजीकरण शिविर में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से रवाना हुआ यात्री जहाज एम.वी स्वराजद्वीप कल सुबह साढ़े सात बजे राजधानी श्री विजयपुरम पहुंचेगा। जहाज के हैड्डो जेट्टी पर पहुंचने के बाद यात्रियों को उतारा जाएगा। वहीं राजधानी श्री विजयपुरम से चेन्नई जाने वाला यात्री जहाज एम.वी स्वराजद्वीप 16 नवंबर को सुबह 10 बजे रवाना होगा। यात्रियों को पहले से डी एस एस के वाणिज्यिक विभाग में सामान की बुकिंग करानी होगी।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय के तहत जे एन आर एम केंद्र, में एन ई पी और सी बी सी एस पाठ्यक्रम के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की नवंबर–दिसंबर सत्र की सेमेस्टर परीक्षाएं सोलह नवंबर से शुरू होंगी। परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। पूर्व विद्यार्थियों को हॉल टिकट कल से सभी कार्य दिवसों में जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>